पटना विश्वविद्यालय

Patna University

Estd. 1917



Patna University In News (03.11.2022)

पीयू छात्र संघ चुनाव : स्टूडेंट्स को यह बताना होगा कि किस-किस पद के लिए फॉर्म ले रहे हैं

आज से 10 रुपये में खरीद सकते हैं नॉमिनेशन फॉर्म

संवाददाता, पटना

पटना यूनिवर्सिटी में 19 नवंबर को छात्र संघ चुनाव के लिए स्टूडेंट्स गुरुवार से नॉमिनेशन फॉर्म खरीद सकेंगे. तीन से पांच नवंबर तक नॉमिनेशन फॉर्म की बिक्री होगी. नॉमिनेशन फॉर्म 10 रुपया देकर प्राप्त कर सकते हैं. वहीं, डीन स्टूडेंट्स वेलफेयर प्रो अनिल कुमार ने कहा कि उम्र सीमा का स्टूडेंट्स ख्याल रखें. परिनियम में जो उम्र सीमा निर्धारित है, उसी अनुसार स्टूडेंट्स चुनाव लड़ सकते हैं. नॉमिनेशन फॉर्म डीएसडब्ल्यू ऑफिस से खरीद सकेंगे. स्टूडेंट्स को यह बताना होगा कि किस-किस पद के लिए फॉर्म ले रहे हैं. फॉर्म लेने वाले स्टूडेंट्स का विवरण नोट होगा. फॉर्म लेने वाले स्टूडेंट्स को कॉलेज या विभाग का नाम, रौल नंबर, रजिस्ट्रेशन नंबर आदि का जिक्र करना होगा.

उम्मीदवारों की फाइनल सूची 11 को होगी जारी : इसके बाद सात, नौ व 10 नवंबर शाम तीन बजे तक सीनेट हॉल में नॉमिनेशन फॉर्म जमा करा सकेंगे. 11 नवंबर को 11 बजे से स्क्रूटनी होगी. उम्मीदवारों की सूची 11 नवंबर शाम पांच बजे जारी की जायेगी. वहीं, 12 नवंबर शाम 3:30 बजे तक ग्रीवांस रिडरेशन सेल की बैठक होगी. सेल से असंतुष्ट रहने पर उम्मीदवार कुलपति ऑफिस में 12 नवंबर की शाम छह बजे तक ही आपत्ति दर्ज करा सकते हैं. उम्मीदवारों की फाइनल सूची 14 नवंबर शाम छह से सात बजे के बीच जारी कर दी जायेगी. 14 नवंबर शाम 3:30 बजे तक नाम वापस ले सकते हैं. 19 नवंबर को आठ से दो बजे तक वोटिंग होगी. वोटिंग के तुरंत बाद शाम चार बजे से मतगणना शुरू हो जायेगी.

चुनाव को लेकर जिला प्रशासन को लिखा गया पत्र

पटना. पटना यूनिवर्सिटी (पीयू) बुधवार को छुट्टी के बाद खुल गया. खुलने के साथ ही छात्र संघ चुनाव की तैयारी में लगे छात्र संगठनों में खुशी की लहर है. पूरे दिन स्टूडेंट्स अलग-अलग कॉलेजों जाकर चुनाव प्रचार करने में जुट गये हैं. छात्र संघ चुनाव को लेकर पीयू प्रशासन ने जिला प्रशासन को पत्र लिखा है. सुरक्षा व शांति व्यवस्था कायम करने की मांग की है. साथ ही लगातार प्रेट्रोलिंग की भी मांग की है. नियमित पुलिस प्रशासन पीयू में प्रेट्रोलिंग करें और माहौल को शांत रखने में मदद करे. इसके साथ ही मतपत्र के लिए चुनाव आयोग को भी पत्र लिखा गया है.

कुलपति ने आज शाम विद्यार्थियों की बुलायी बैठक

पटना. पटना यूनिवर्सिटी छात्र संघ चुनाव को लेकर गुरुवार को विद्यार्थियों की बैठक बुलायी गयी है. बैठक शाम 4:30 बजे व्हीलर सीनेट हॉल में होगी. बैठक में छात्र संघ चुनाव के सफल संचालन व विधि-व्यवस्था बनाये रखने पर चर्चा होगी. बैठक को कुलपति प्रो गिरीश कुमार चौधरी संबोधित करेंगे. इसके साथ पीयू के सभी अधिकारी व पदाधिकारी शामिल रहेंगे. इसमें विद्यार्थियों को छात्र संघ चुनाव का पाठ भी पढ़ाया जायेगा. इसमें कुलपति चुनाव से जुड़े अनुशासन के संदर्भ में जरूरी दिशा-निर्देश और मार्गदर्शन देंगे.

इन पदों के लिए होंगे चुनाव : पीयू में 19 नवंबर को अध्यक्ष, उपाध्यक्ष, सचिव संयुक्त, सचिव और कोषाध्यक्ष का चुनाव होगा. हर कॉलेज में हर एक हजार छात्रों पर एक कॉलेज काउंसेलर का भी चुनाव होगा.

छात्राओं ने कहा-सुरक्षा की हो बेहतर व्यवस्था सब्सिडियरी विषय की कक्षा हो नियमित

पटना. पटना यूनिवर्सिटी में छात्रसंघ चुनाव की सरगर्मी तेज हो गयी है, मगर 50 प्रतिशत से अधिक वोटों पर दावेदारी रखने वाली महिला वोटर यानी छात्राओं के मुद्दे क्या हैं? इस पर छात्राओं ने बेबाकी से अपनी बात रखी. छात्राओं ने कैंपस में सुरक्षा व्यवस्था और अनुशासन बहाल करने की बात कही. इसके साथ ही कॉलेज कैंपस में कैंटीन और पीने के लिए साफ पानी की व्यवस्था करने को आवश्यक बताया. इसके अलावा कॉलेज में वॉशरूम और कॉमन रूम की स्थिति में सुधार करने के साथ ही जरूरी दवाओं की व्यवस्था करने की बात कही, ताकि बीमार पड़ने पर उन्हें परेशानियों का सामना न करना पड़े. छात्राओं ने सब्सिडियरी विषय की नियमित रूप से क्लास आयोजित करवाने को भी छात्राओं के हितों के लिए बड़ा मुद्दा बताया.

छात्राओं ने की समस्याओं के निदान की मांग

कैंपस में छात्राओं को सुरक्षित माहौल देने के साथ ही स्पोर्ट्स में बेहतर प्रदर्शन करने के लिए प्ले ग्राउंड और ट्रेनिंग की व्यवस्था हो.

मदीहा, वाणिज्य महाविद्यालय

कॉलेज में पीने के साफ पानी के लिए करीब-करीब सभी विभागों में व्यवस्था होनी चाहिए. कैंटीन नहीं होने से भी परेशानी होती है.

श्रेया, पटना कॉलेज

कॉलेज के वॉशरूम में सुधार की जरूरत है. कॉमन रूम में दवाओं की व्यवस्था की जानी चाहिए

प्रियंका, मगध महिला कॉलेज

प्रभात खबर
Thu, 03 November 2022
https://epaper.prabhatkhabar.com/c/70750519

दैनिक जागरण

पीयू छात्रसंघ चुनाव के लिए आज से मिलना शुरू होगा नामांकन पत्र

वोटिंग के दिन परीक्षाएं व क्लासेज रहेंगी स्थगित विश्वविद्यालय ने जारी किया आदेश

जासं, पटना : पटना विश्वविद्यालय में छात्र संघ चुनाव 19 नवंबर को होना है। चुनाव के लिए तीन नवंबर से नामांकन पत्र मिलने लगेगा। चुनाव में शामिल होने वाले उम्मीदवार पांच नवंबर तक छात्र कल्याण अध्यक्ष कार्यालय से 10 रुपए में नामिनेशन फार्म प्राप्त कर सकते हैं। उम्मीदवार सात, नौ और 10 नवंबर तक अपना नामिनेशन फार्म सीनेट हाल में जमा करेंगे।

कुलपति के साथ छात्रों की बैठक आज : छात्र संघ चुनाव को देखते हुए विश्वविद्यालय प्रशासन ने गुरुवार को छात्रों की बैठक बुलाई है। यह बैठक शाम 4.30 बजे व्हीलर सीनेट हाल में होगी। बैठक की अध्यक्षता कुलपति प्रो. गिरीश कुमार चौधरी करेंगे। बताया जाता है कि बैठक में छात्र संघ चुनाव से संबंधित नियमों-परिनियमों पर छात्र के साथ चर्चा होगी।

वोटिंग के दिन परीक्षाएं व कक्षाएं रहेंगी स्थगित : छात्र संगठन आइसा के नेताओं ने पटना विश्वविद्यालय के कुलपति से मुलाकात की। छात्रों ने कुलपति को चुनाव के दिन पटना वीमेंस कालेज में परीक्षा लिए जाने की जानकारी दी। संगठन के छात्र नेता कुमार दिव्यम ने बताया कि कुलपति ने वोटिंग के दिन परीक्षा स्थगित रखने का भरोसा दिया। इस पर छात्र कल्याण अध्यक्ष प्रो. अनिल कुमार ने बताया छात्र संघ चुनाव के दिन विश्वविद्यालय में परीक्षा और कक्षाएं स्थगित रहेंगी। इससे संबंधित आदेश जारी किया जा चुका है।

सुरक्षा का रहेगा पुख्ता इंतजाम, तैनात रहेंगे जवान

छात्र संघ चुनाव को देखते हुए विश्वविद्यालय ने पुलिस प्रशासन को पत्र लिख कर सुरक्षा बल की मांग की है। पुलिस के जवान पूरे चुनाव के दौरान कैंपस में तैनात रहेंगे और छात्रावासों पर नजर रखेंगे। 19 नवंबर को चुनाव के दिन भी मतदान केंद्रों पर पुलिस के जवान तैनात रहेंगे।

इस उम्र सीमा वाले लड़ सकेंगे चुनाव

जासं, पटना : पटना विश्वविद्यालय में 19 नवंबर को अध्यक्ष, उपाध्यक्ष, सचिव, सहसचिव, कोषाध्यक्ष का चुनाव होगा। ग्रेजुएशन में पढ़ाई करने वाले भी छात्र संघ चुनाव लड़ सकते हैं, लेकिन चुनाव लड़ने के लिए उनकी उम्र 22 वर्ष से अधिक नहीं होनी चाहिए। पीजी में पढ़ रहे छात्र को चुनाव लड़ने के लिए 25 वर्ष, एलएलबी के लिए 25 वर्ष, एलएलएम के लिए 27 वर्ष और रिसर्च शोधार्थी (पीएचडी) के लिए 28 साल उम्र निर्धारित है। इससे अधिक उम्र वाले चुनाव नहीं लड़ सकते हैं। इसके साथ ही किसी भी एक पद में फेल छात्र भी चुनाव नहीं लड़ सकते हैं।

एक हजार छात्रों पर होगा एक काउंसिलर

अध्यक्ष, उपाध्यक्ष, सचिव संयुक्त, सचिव और कोषाध्यक्ष के अलावा कालेज में हर एक हजार छात्रों पर एक कालेज काउंसलर का चुनाव होगा। कामर्स, ला व एजुकेशन फैकल्टी मिलाकर एक काउंसलर, साइंस से एक हजार छात्र पर एक कामन काउंसलर, मानविकी से एक हजार छात्र पर एक कामन काउंसलर, सोशल साइंस से एक हजार छात्र पर एक कामन काउंसलर का चुनाव होगा। एक हजार से एक छात्र भी अधिक होने पर कालेज काउंसलर का दो पद हो जाएगा।